अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 26 अक्तूबर 2026
आश्विन पूर्णिमा
विक्रम संवत-2083

PAGE NO 5 : BOTTOM

थिएटर कार्यशाला के प्रतिभागियों को दिए प्रमाणपत्र



थिएटर कार्यशाला में नाटक का मंचन करते कलाकार। स्रोत : संस्था

बरेली। स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा सभागार में आयोजित तीन दिवसीय थिएटर कार्यशाला का रविवार को समापन हुआ। राघव जोशी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में 42 प्रतिभागियों ने अभिनय की बारीकियां सीखीं। अंतिम दिन प्रतिभागियों को दो टीमों में बांट कर दो नाटकों का मंचन किया गया। पहली प्रस्तुति मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी 'कफन' पर तो दूसरी फणीश्वरनाथ रेणु की 'पंचलाइट' पर आधारित रही। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए इस दौरान डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार व डॉ. रीता शर्मा उपस्थित रहे। संवाद